दिन–बुधवार	दिनांक– 10 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।	अवधिः– 05 मिनट

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्वक जारी है। कई हिस्सों में बारिश के कारण मतदान प्रक्रिया में बाधा आई। दोपहर एक बजे तक उनतालीस दशमलव तीन सात प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कुल तीन सौ इक्कीस मतदान केन्द्रों में से एक सौ इकसठ मतदान केन्द्रों की मतदान वेबकास्टिंग की जा रही है। चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए पटना के मुख्य चुनाव कार्यालय– सी ई ओ और पूर्णिया जिले के मुख्यालय में एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उपचुनाव में कुल ग्यारह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल और महागठबंधन की ओर से राजद उम्मीदवार बीमा भारती के बीच माना जा रहा है। मतों की गिनती तेरह जुलाई को होगी।

———————————————————————————

उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले में बांगरमऊ के पास आज सुबह लखनऊ–आगरा एक्सप्रेसवे पर एक दुग्ध टैंकर से एक डबल डेकर बस की टक्कर हो जाने से कम से कम अठारह लोगों की मृत्यु हो गई और उन्नीस लोग घायल हो गए। यह बस बिहार के सीतामढी से दिल्ली जा रही थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस काफी क्षतिग्रस्त हो गई और लोग बस से बाहर जा गिरे। जिला प्रशासन ने पांच हेल्प लाइन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर हैं–0515–2970767, 9651432703, 9454417447, 8887713617 और 8081211289 । उन्नाव के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बताया कि घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है जबकि पांच घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ भेज दिया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सडक दुर्घटना में मरने वालों के प्रति दुख व्यक्त किया है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन राज्य सरकार की निगरानी में पीडितों की हरसंभव सहायता कर रहा है। श्री मोदी ने उन्नाव दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये देने

की भी घोषणा की। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के जे. पी. गंगा पथ के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद भी मौजूद रहे। इस पथ के लोकार्पण के बाद गाय घाट से कंगन घाट के बीच नवनिर्मित जे. पी. गंगा पथ वाहनों के परिचालन के लिए खोल दिया गया है। जे. पी. गंगा पथ का यह भाग साढे तीन किलोमीटर लंबा है। इससे पटना सिटी के निवासियों समेत अन्य लोगों को अशोक राजपथ पर लगने वाले भीषण जाम से राहत मिलेगी। साथ ही व्यापारियों को भी मंडियों में पहुंचना आसान हो जाएगा।

————————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज के दिघलबैंक में सबसे अधिक एक सौ छप्पन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इधर, पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना में एक मवेशी की भी मौत हो गयी है।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।